## एक नजर में

### योजनाओं का लाभ दिलाने चल रहा अभियान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य अंतर्गत समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, तहसील एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाने के लिए जिले में 31 मार्च, 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है।**

इसीक्रम में जिले की सभी नगरीय निकायों में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत नागरिकों से आवश्यक योजनाओं के लाभ एवं समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्राप्त किये गये। अभियान अंतर्गत आमजन की समस्याओं का निराकरण तथा पात्र हितग्राहियों को हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा। ज्ञातव्य है कि सुशासन व स्वराज हेतु प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य अंतर्गत शासन के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाने के लिए 12 जनवरी, से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लक्ष्य अनुरूप लाभ प्रदान किया जायेगा।

# खदान के अवैध खनन से तालाब क्षतिग्रस्त होने की कगार पर

**मोहनगढ़ क्षेत्र के नदनवारा तालाब का है मामला**

**ध्यान नहीं दिया तो होगी तालाब की संरचना कमजोर**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ़/ मोहनगढ़। मोहनगढ़ क्षेत्र के नदनवारा तालाब का इतिहास ओरछा से जुड़ा है जो 16 वीं शताब्दी के आसपास का माना जाता है, यह बुंदेलखंड की समृद्ध तालाब संस्कृति का हिस्सा है, जिसका निर्माण चंदेल और बुंदेला शासकों के काल में हुआ, जिसमें पानी के प्रबंधन और सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण संरचना है, हालांकि वर्तमान में नदनवारा तालाब अपने पास कीमती खनिज गौरा पत्थर के खनन के कारण खतरे में है। बताया गया कि यह खदान प्रशासन द्वारा ईस्टन मिनरल्स को लीज पर दी गई है, यह खदान स्थानीय समुदाय के लिए एक अहम मुद्दा बन गया है, जल-सुरक्षा और पारंपरिक जल-संरचनाओं के महत्व को दर्शाता है। खदान के अवैध और अंधाधुंध खनन के कारण तालाब की संरचना जर्जर हो गई है और इसके टूटने का खतरा है, जिससे आस-पास के कई गांव प्रभावित हो सकते हैं।**

नंदनवार तालाब का निर्माण बुंदेला शासको के समय में हुआ था यह क्षेत्र की प्राचीन जल संरचनाओं में से एक है जिसे अक्षय चंदेल कालीन तालाबों के साथ जोड़ा जाता है, इसे सिंधु सागर के नाम से भी जाना जाता है जो अपनी विशालता और स्थानीय महत्व के लिए प्रसिद्ध है, यहां तक की इसकी विस्तार की बात कहे तो 945.36 लाख वर्ग फीट जल संग्रहण की क्षमता रखता है। लेकिन अब तालाब की रोककर रखने वाली गौरा पत्थर की दीवार की अंधाधुंध खुदाई होने की वजह से तालाब गंभीर रूप से खतरे में है। यहां तक की इसी तरह निरंतर खनन होता रहा तो तालाब की संरचना एक दिन कमजोर हो जाएगी और तालाब के फूटने की आशंका बढ़ जाएगी जिससे आसपास के दो दर्जन से अधिक गांव बाढ़ क्षेत्र में जा पहुंचेंगे। जल-सुरक्षा और चिंता यह स्थिति क्षेत्र की तालाब संस्कृति पर संकट और जलवायु संकट के दौर में जल-सुरक्षा की बढ़ती चिंताओं को उजागर करती है। संक्षेप में, नदनवारा तालाब का इतिहास स्थानीय शासकों द्वारा निर्मित पारंपरिक जल-संरचनाओं से जुड़ा है, लेकिन आज यह खनन के कारण अस्तित्व के संकट में है और स्थानीय पर्यावरण व जनजीवन के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है।

### जांच कर कार्यवाही की जाएगी

जब इस संबंध में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री वीरेंद्र कुमार सोलंकी से बात की गई तो उन्होंने बताया आपके द्वारा मुझे इस मामले की जानकारी प्राप्त हुई है। ग्रामीणों ने अभी तक जल संसाधन विभाग को इस संबंध में कोई शिकायत नहीं की है। यदि कोई शिकायत पत्र जल संसाधन विभाग को प्राप्त होता है तो निश्चित ही जांच कर कार्यवाही की जाएगी। उन्होने बताया कि हालाकि जल संसाधन विभाग समय-समय पर ऐसे स्थानों का निरीक्षण करता है। इस मामले में भी उक्त स्थान का निरीक्षण कर तालाब के रख-रखाब का प्रबंध कराया जाएगा।

### तालाब की संरचना हो रही जर्जर

यह तालाब न केवल सिंचाई के लिए बल्कि स्थानीय समुदायों के लिए जीवनरेखा का काम करता है। जैसा कि अलोपा और कुदार जैसे अन्य तालाबों के संदर्भ में देखा गया है। जिनका पुनरुद्धार किया गया है। खनन का खतरा नदनवारा तालाब के पास गौरा पत्थर नामक खनिज का बड़ा भंडार है। इसके अवैध और अंधाधुंध खनन के कारण तालाब की संरचना जर्जर हो गई है और इसके टूटने का खतरा है, जिससे आस-पास के कई गांव प्रभावित हो सकते हैं। इस तालाब का मुद्दा स्थानीय चुनावों में एक अहम मुद्दा बन गया है, क्योंकि खनन ठेकेदारों को उच्च न्यायालय से स्टे मिली हुई है, जिससे स्थानीय लोग अपनी पारंपरिक जल-संसाधनों को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। क्षेत्र की तालाब संस्कृति पर संकट और जलवायु संकट के दौर में जल-सुरक्षा की चिन्ता बढ़ा रही है।

# एसपी ने नवीन बस का किया पूजन



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में कानून व्यवस्था और आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस बल की त्वरित और सुरक्षित तैनाती को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय द्वारा जिले को नई 25+1 सीटर बस उपलब्ध कराई गई। इस बस की कीमत लगभग 20 लाख रुपये है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इस नवीन बस का विधिवत वाहन पूजन किया।**

पुलिस अधीक्षक ने बस का बारीकी से निरीक्षण किया और इसमें उपलब्ध आधुनिक सुरक्षा सुविधाओं, बैठने की सुव्यवस्थित व्यवस्था, सुरक्षा हेतु लगी जाली, गर्मियों में पुलिस बल के आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए एसी की व्यवस्था, सामान रखने की सुविधाओं एवं अन्य सभी सहूलियतों का जायजा लिया। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक ने जिले के पुलिस बल के साथ नई बस में सवार होकर शहर में भ्रमण किया, जिससे बस की कार्यक्षमता और सुरक्षा का प्रत्यक्ष अनुभव किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह नई बस विशेष रूप से कानून व्यवस्था ड्यूटी, आपातकालीन स्थिति में तेजी से पुलिस बल को पहुंचाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध कराई गई है। जिले में इस बस के आने से पुलिस बल का आवागमन सुरक्षित और सुविधाजनक होगा तथा सार्वजनिक सुरक्षा में और अधिक प्रभावी ढंग से योगदान दिया जा सकेगा। पुलिस बल इस नई सुविधा के आने से अत्यंत संतुष्ट है और जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के अपने कार्यों में उपयोग करेगा।

# लाड़ली बहनों के खाते में मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में की अंतरित राशि



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने माखन नगर बाबई, जिला नर्मदापुरम में आयोजित लाड़ली बहनों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की बहनों के खातों में एक करोड़ 25 लाख 31 हजार से अधिक पात्र बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की। साथ ही 29 लाख बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 90 करोड़ से अधिक राशि का अंतरण किया। इस दौरान टीकमगढ़ जिले की 2 लाख पांच हजार से अधिक लाड़ली बहनों को कुल 302979300 रूपये राशि का वितरण किया गया।**

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत, अन्य जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मनोज देवलिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ऊदल सिंह ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा लाड़ली बहनें उपस्थित रहीं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नर्मदापुरम में आयोजित लाड़ली बहनों के राज्य स्तरीय सम्मेलन कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 1500 रूपये मासिक आर्थिक सहायता राशि मिलने पर लाड़ली बहनों के चेहरों में खुशियों की लहर है तथा मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। जिला नर्मदापुरम में आयोजित लाड़ली बहनों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत राशि अंतरित की गई।

## मास्टर ट्रेनर ने दिया प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस दौरान विभिन्न ग्रामों से आयी हुयी 28 महिलाओं, युवतियों को 35 दिन तक मास्टर ट्रेनर कल्पना नायक द्वारा प्रशिक्षणर्थियों को विभिन्न प्रकार के ब्यूटी पार्लर से सम्बन्धित कार्य सीखयें गये।**

डायरेक्टर विवेक रघुंवशी, फैकल्टी दुर्गेश कालरा, विवेक विश्वकर्मा आफि स असिस्टेंट मोहम्मद आकिल, सोवरन रैकवार उपस्थित रहे।

# न्यायाधीश ने जेल का भ्रमण कर देखी व्यवस्थाएं



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में उपजेल जतारा एवं उपजेल निवाड़ी का निरीक्षण, भ्रमण के साथ-साथ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया।**

प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति निवाड़ी सतीश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में उपजेल निवाड़ी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उपस्थित बंदियों को उनके अधिकार, के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुनीता गोयल एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी टीकमगढ़ अनुज कुमार चंसौरिया के द्वारा सब जेल जतारा एवं निवाड़ी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त जेलों में सभी व्यवस्थाएं अच्छी पायी गई।

## पानी के सेंपल निकल रहे मानक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अनिल लगरखा के मार्गदर्शन मे ग्राम बोरी मे ग्राम की 5 महिलाओ को एफटीके का प्रशिक्षण दिया गया एवं पेयजल सप्लाई के सेंपल लिये गये। इन सैंपलों का पीएच टेस्ट, फ्लोराइड टेस्ट, क्लोराइड टेस्ट, जल की कठोरता सम्बन्धी टेस्ट कराये गये, जिनके परिणाम स्वीकार मानक अंतर्गत प्राप्त हुये।**

इस अवसर पर दौरान लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग से राकेश मिश्रा, शुभम गुप्ता एवं आगँनवाडी कार्यकर्ता गीता रिछारिया, सहायका प्रभा अहिरवार आशा सरोज बरार शिक्षिका रुचि श्रीवास्तव, वंदना यादव, अभियांशी यादव, पुष्पा यादव, रामकली यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

# केन्द्रीय मंत्री ने वितरित की ट्राई साइकिलें



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय पर वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों हेतु भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडिप योजना अंतर्गत निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय क्रत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को कानपुर द्वारा स्वावलम्बन केन्द्र टीकमगढ़ आसरा अंतर्गत आयोजित किया गया। उन्होनें दिव्यांगजनों को 17 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरित की।**

कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीपप्रज्जवलन कर किया। तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुये केंद्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने कहा कि दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से वह अपने दैनिक जीवन के कार्य आसानी से करने लगे हैं और छोटे-मोटे कार्य करके अपनी आजीविका चला कर समाज की मुख्य धारा में आने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने दिव्यांगजनों को 17 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, 15 ट्राई साइकिल, 2 कान की मशीन के साथ अन्य सहायक उपकरण वितरित किये। साथ ही उन्होंने दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल चलाना भी सिखाया। इस अवसर पर विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, आसरा स्वावलंबन केंद्र के संचालक चंद्रभान यादव सहित एलिम्को कानपुर के अधिकारी, कर्मचारी, दिव्यांगजन उपस्थित रहे। केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय पर वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों हेतु भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडिप योजना अंतर्गत निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया।

# पंचकल्याण कार्यक्रम की बनाई जा रही रूपरेखा

**स्टेट बैंक चौराहा पर कार्यालय का हुआ शुभारंभ**

**8 अप्रैल से 13 तक होगा धार्मिक आयोजन**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर के आदिनाथ धाम जैन मंदिर के सामने स्टेट बैंक चौराहा रोड पर पंचकल्याण कार्यक्रम के लिए कार्यालय का हुआ शुभारंभ धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने जानकारी देते हुए बताया की 8 अप्रैल से 13 अप्रैल में अतिशय क्षेत्र पपौरा जी में विशाल पंचकल्याणक होने जा रहा है यह समस्त कार्यक्रम अध्यात्म योगी पट्टाचार्य परम पूज्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महामुनि राज के सानिध्य में यह प्रतिष्ठा महोत्सव का कार्यक्रम होगा जिसकी समस्त व्यवस्था के लिए इस कार्यालय का शुभारंभ में किया गया है**

इस अवसर पर शहर के आमंत्रित विद्वान पंडित राजेंद्र चंदावली ने कहा कि शहर 500 वर्ष पहले से विदमानों और धर्मात्माओं की नगरी है पपौराजी क्षेत्र शांति और आत्म कल्याण का अतिशय क्षेत्र है उन्होंने कहा कि संसार के काम मजबूरी है आत्म कल्याण जरूरी है पपौरा जी क्षेत्र की अब उत्तरोत्तर वृद्धि होगी यहा गुरुओं की छाया है पंचकल्याणक में गुरुऔ के प्रतिदिन दो प्रवचन होना अत्यंत जरूरी है। पंडित जय निशांत शास्त्री जी ने कहा कि जैन धर्म आत्मा की बात करता है पंचकल्याणक आत्मा से परमात्मा बनाने के लिए हो रहे हैं संसार के कार्य तो बुलाने से होते हैं धर्म के कार्य बिना बुलाए ही करना है। पपौरा जी क्षेत्र में जो दोष था वहां उच्च स्थान पर प्रतिमा विराजमान होना है। पंडित श्रीनंदन ने कहा पपौरा जी में 65 वर्ष पहले शिवसागर महाराज द्वारा पंचकल्याण कराया गया था उससे भी भव्यता के साथ साथ यह पंचकल्याणक हो रहा है।

### 27 को होगी अगली बैठक

जनता ने बताया कि समस्त दिगंबर जैन समाज की आगामी मीटिंग अब 27 जनवरी को पपौरा जी में होगी एवं 4 मार्च को पात्र चयन होगा। इस मौके पर निम्न जन सम्मिलित हुए। लालू कारी, पुष्पेंद्र जैन संजीव जैन, सोनू बैसाखियां ,अल्ली जैन सजू पंडित, अशोक गोयल, विनय सुनवाहा, विजय त्यौरैया चक्रास जैन, मौन्टो, अनिल एडवोकेट, खन्ने जैन ,सार्थक जैन, जिनेंद्र रामगढ़ ,सनत प्राचार्य राजेश भट्टटौ, अभिषेक मेंनबार सुनील होंडा, सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

**बैठक** **पशु कल्याण समिति की बैठक में दिए निर्देश**

# गौशालाओं में सुविधाएं बढ़ाए जाने के करें प्रयास : कलेक्टर



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में एनआईसी कक्ष में जिला पशु कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक्सरे सोनोग्राफी मशीनों की पशु चिकित्सालय में उपयोगिता बढ़ायें। जनभागीदारी और सरकारी प्रयासों से गौशालाओं एवं संस्थाओं में सुविधाओं को बढ़ाए जाने के लिए प्रयास करें। श्री श्रोत्रिय ने कहा कि पशुपालन विभाग एवं गौसंवर्धन से संबंधित योजनाओं का सोशल मीडिया, सोशल नेटवर्क के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।**

बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने बताया कि कि पशुओं के लिये आपातकालीन चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिये 1962 टोल फ्री नंबर संचालित है, जो पशु पालकों को घर पर ही पशुओं के इलाज, टीकाकरण व अन्य पशु स्वास्थ्य सेवाओं के लिये मोबाईल वेन सहायता प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि आमजन अपने बीमार या घायल पशु के लिये आपातकालीन चिकित्सा सेवा टोल फ्री नंबर 1962 डायल कर सेवा का लाभ ले सकते है। साथ ही अपने जानवरों के लिये एक्सरे एवं सोनोग्राफी सुविधा के लिये विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर सकते है। श्री श्रोत्रिय ने पशु चिकित्सा संस्थाओं में सेवा शुल्क प्राप्ति एवं सेवा प्रदायों की समीक्षा की तथा पशु चिकित्सा केन्द्रों के नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि संस्थाओं के प्रतिमाह रिकार्ड की जानकारी रखें तथा रिकार्ड प्रस्तुत करें। साथ ही उन्होंने पशु सेवा के लिए हाईड्रोलिक वाहन प्रदान करने के लिये नगर पालिका को पत्र लिखने के निर्देश दिये। जिला पशु कल्याण समिति बैठक में क्षेत्र के पशुओं के उपचार की व्यवस्था करने, उन्नत पशु प्रजनन की सुविधा उपलब्ध कराने, इनडोर पशु मालिकों की चिकित्सालय परिसर में ठहरने की व्यवस्था, पशु चिकित्सा प्रबंधन में सुधार, पशु चिकित्सा एवं उन्नत प्रजनन से संबंधित अन्य कार्य, राज्य गौ-सेवा आयोग की अनुमति से शासकीय एवं अनुदान प्राप्त गौ-सदनों एवं गौशालाओं की देखभाल, पर्यवेक्षण, विभाग के अधीन प्रचलित समस्त अधिनियमों का पालन करने, पशु पक्षियों के कल्याण के कार्यक्रम का प्रोत्साहन हेतु आयोजन करने, पालतू जानवरों के टीकाकरण तथा उपचार करने, एन्टी रेबीज कार्यक्रम का प्रचार होगा।

### वित्तीय कार्यों का किया अनुमोदन

इसके साथ ही बैठक में पशु पालन एवं डेयरी विभाग अंतर्गत विभिन्न वित्तीय कार्यों हेतु अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि मनोज देवलिया, अध्यक्ष कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत छत्रपाल सिंह बुन्देला, जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग आरके जैन सहित समिति के संबंधित अधिकारी तथा पशु चिकित्सक उपस्थित रहे।

## समूह के सदस्यों ने मनाया पतंग महोत्सव

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समस्त विकासखण्ड के सार्वजनिक स्थलों में हौंसलो की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आजीविका स्वयं सहायता समूह की दीदीयों के संकुल स्तरीय संघो के द्वारा हौंसलो की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम मे संचालित आजीविका मिशन की समूहों की दीदीयों ने पतंग महोत्सव मनाया, जिसमें दीदीयो द्वारा पतंगों पर आपने सपने लिखे एव पतंग उड़ाई एव आपस मे एक दूसरे से तिल गुड़ के लड्डु खिलाते हुए सपथ ली कि हमेशा गुड़ जैसा मीठा बोलने के साथ साथ मधुर व्यवहार करके जीवन मधुर बनने के अपने सफरनामे पर एक-एक कर अपने विचार व्यक्त किये एवं वह सामान्य गृहणी से स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कैसे सशक्त बने इस पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# धूप निकलने से फसलों को हो रहा फायदा



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। पिछले सात दिनों से मौसम साफ बना हुआ है। सुबह से आसमान साफ रहा और तेज धूप खिली। लगातार धूप निकलने से दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।**

मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन से चार दिनों तक मौसम साफ रहने की उम्मीद है। इस अवधि में दिन और रात दोनों के तापमान में और बढ़ोतरी होगी। दिन का तापमान बढ़कर 27 डिग्री और रात का तापमान 12 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। इससे अगले कुछ दिनों तक ठंड से राहत मिलेगी।किसान जानकी अहिरवार ने बताया कि 9 जनवरी तक चली शीतलहर के बाद दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी हुई है। घने कोहरे के कारण फसलों को नुकसान होने लगा था, लेकिन अब मौसम साफ होने और धूप निकलने से गेहूं, चना, मटर और सरसों की फसल की वृद्धि अच्छी हो रही है। पिछले सात दिनों के तापमान आंकड़ों पर गौर करें तो दिन के तापमान में 5 से 6 डिग्री की वृद्धि हुई है।